(1)


# कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
# गांधी चिकित्सा महाविद्यालय,स्वशासी समिति, भोपाल

**Phone:** 0755-2540590,4141042 **Email:** gmcparamedical@gmail.com, deangmc_bpl@yahoo.co.in **Website**-www.gmcbhopal.net


क्रमांक 19790-97/एम.सी./पैरा0/2026 भोपाल, दिनांकः 27/05/2026

## प्रथम चरण काउंसिलिंग–पैरामेडिकल पाठ्यक्रम स्व–वित्त पोषित(Self Finance)
## शैक्षणिक सत्र 2025–26
## ( दिनांक 01.06.2026 से 07.06.2026 तक )

गॉधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमो में सीट आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु **दिनांक – 01.06.2026 से 07.06.2026 तक** काउंसिलिंग के प्रथम चरण का आयोजन निम्नानुसार किया जाता है।

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश, हेतु GMC-Bhopal के वेवसाईट पर जारी विज्ञापन क्रमांक 17262–69/एम.सी./पैरा0/2026 भोपाल, दिनांक 08.05.2026 के अनुक्रम में जिन उम्मीदवार के द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 25.05.2026 तक, एम0पी0 ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन पत्र भरे गये हैं, ऐसे उम्मीदवार निम्नलिखित तालिका के अनुसार **रजिस्ट्रेशन/स्कूटनी/सीट आवंटन** हेतु निर्धारित समय पर आवश्यक समस्त मूल दस्तावेजों एवं फीस की निर्धारित प्रथम किस्त के साथ **स्वंय** उपस्थित हों–

| | |
|---|---|
| दिनांक 01.06.2026 (सोमवार) | **A-** समस्त श्रेणीयों के सेवारत उम्मीदवार (In-Service Candidate), **B-** दिव्यांग श्रेंणी के समस्त उम्मीदवार। **C-** पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी, पाठ्यकम हेतु **समस्त श्रेणियों** के उम्मीदवार |
| दिनांक 02.06.2026 (मंगलवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक **225 या उससे अधिक** है। |
| दिनांक 03.06.2026 (बुधवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के ऐसे उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक **203 से 224** तक है। |
| दिनांक 04.06.2026 (गुरूवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के ऐसे उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक **190 से 202** तक है। |
| दिनांक 05.06.2026 (शुक्रवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के ऐसे उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक **180 से 189** तक है। |
| दिनांक 06.06.2026 (शनिवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के ऐसे उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक **165 से 179** तक है। |
| दिनांक 07.06.2026 (रविवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के ऐसे उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक **164 या उससे कम (न्यूनतम अर्हता प्राप्तांक तक)** |

**रजिस्ट्रेशन का समयः** – संबधित पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि पर **प्रातः 11:00 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य है।**
**काउंसिलिंग (स्क्रूटनी एवं सीट आवंटन) का समयः** – प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक।
**रजिस्ट्रेशन & काउंसिलिंग का स्थानः** – सभागृह (ऑडिटोरियम), गॉधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल।

**नोट :–**

- काउंसलिंग के समय सभी अभ्यर्थी मेरिट सूची के अनुसार निर्धारित तिथि को अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज, फाईल फोल्डर में एवं उनकी स्वप्रमाणित 02 छायाप्रतियों एवं **दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखते हुये** सफेद बैकग्राउंड में नवीनतम 10 पासपोर्ट साईज की कलर फोटो के साथ प्रातः 10:30 बजे तक काउंसलिंग स्थल पर आवश्यक रूप से स्वंय उपस्थित हों अन्यथा मेरिट सूचनी अनुसार सरल क्रमांक निकल जाने पर अभ्यर्थी स्वंय जिम्मेदार रहेंगे एवं उस समय पर जो भी सरल क्रमाक का आवंटन चल रहा होगा उसी सरल क्रमांक के पश्चात ही शामिल किया जाएगा।
- काउंसलिंग के दिन सीट आवंटित होते ही सभी उम्मीदवारों को प्रवेश के समय पाठ्यक्रम के फीस की निर्धारित प्रथम किस्त (डिग्री–रू 54,150/– , डिप्लोमा/पी0जी0 डिप्लोमा–रू. 37,680/– , सर्टिफिकेट–रू. 29,430/–) को ऑनलाईन माध्यम से उसी दिन जमा करने के बाद ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण मानी जावेगी अन्यथा सीट का आवंटन स्वतः ही निरस्त माना जावेगा तथा ऐसे उम्मीदवार को Next round counselling में पात्रता स्वतः ही समाप्त मानी जावेगी। ऐसे अभ्यर्थी की आवंटित सीट को मेरिट लिस्ट के अनुसार दूसरे पात्र अभ्यर्थी/उम्मीदवार को सीट आवंटित कर दी जावेगी।
- काउंसलिंग के दिन सीट आवंटित होते ही सभी आवश्यक मूल दस्तावेज तुरंत जमा कर लिये जावेगें। अतः सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसलिग में सम्मिलित होने से पहले ही अपने पेनड्राईव में आवश्यक मूल दस्तावेजों की JPG/JPEG फॉर्मेट में 200 से 250 KB Size में कलर स्कैन कॉपी तथा PDF फॉर्मेट में सुरक्षित रखें

27/05/2026

निरंतर —(2)

Scanned with OKEN Scanner

तथा समस्त दस्तावेजों की फोटोकॉपी के 10 सेट अपने पास सुरक्षित रखें। यह पेन ड्राईव सभी अभ्यर्थी के प्रवेश प्रक्रिया सम्पन होने के बाद पैरामेडिकल शाखा द्वारा वापस कर दी जायेगी। अभ्यर्थी का जमा मूल दस्तावेज, पाठ्यक्रम पूर्ण होने या पाठ्यकम की पूरी फीस जमा करने के उपरांत ही वापिस किये जाएंगे।

- काउंसिलिंग के किसी भी चरण में प्रथम बार सीट आवंटित होने के उपरांत किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी अन्य पाठ्यक्रम में सीट परिवर्तन नहीं किया जावेगा तथा इस सत्र वाले काउंसिलिंग के किसी भी चरण हेतु इस अभ्यर्थी की पात्रता स्वतं निरस्त हो जायेगी।
- पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के अलावा अन्य सभी पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश के लिये अर्हता वाले 12वीं परीक्षा के जीव विज्ञान (Biology), रसायन शास्त्र (Chemistry) एवं भौतिक विज्ञान (Physics), के कुल योग में समान प्रतिशत होने पर वरीयता हेतु उक्त पाठ्यक्रमों में 12वीं परीक्षा में विषयवार प्राप्त अधिकतम अंक (पहले जीव विज्ञान (Biology) फिर रसायन शास्त्र (Chemistry) और उसके बाद भौतिक विज्ञान (Physics) विषय में प्राप्त अंकों को वरीयता दी जायेगी) के आधार पर मैरिट (प्रावीण्य सूची) अनुसार सीट आवंटित की जायेंगी। फिर भी समान अंक होने की स्थिति में सबसे अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को सीट आंवटन हेतु वरीयता दी जायेगी।
- सीट आंवटन होने के बाद उसी दिन अभ्यर्थी को संलग्न अनिवार्य शपथ पत्र के निर्धारित प्रारूप में 200 रूपये के स्टांप पेपर पर नोटराईज्ड शपथ पत्र जमा करना होगा, अन्यथा जमा नहीं करने पर ऐसे अभ्यर्थी का सीट आंवटन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा इस सत्र हेतु काउंसिलिंग के किसी भी चरण में सम्मिलित होने के पात्रता स्वतः निरस्त हो जायेगी।
- प्रवेश प्रक्रिया/काउंसिलिंग से संबंधित सभी प्रकार की सूचनायें समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gmcbhopal.net.** पर तथा पैरामेडिकल शाखा के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करायीं जायेंगी। पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया के लिए कोई व्यक्तिगत कॉल लेटर, पत्र, ई–मेल, एवं फोन द्वारा कोई भी सूचना प्रदान नहीं की जावेगी। अतः सभी अभ्यर्थी नियमित रूप से महाविद्यालय की वेबसाइट एवं सूचना पटल का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें ।
- काउंसलिंग के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय/किराया संस्था द्वारा देय नहीं होगा।
- मध्यप्रदेश के मूल निवासी प्रमाण पत्र वाले ऐसे नियमित अभ्यर्थी जिन्होंने अर्हता परीक्षा वर्ष 2025 या उससे पूर्व MP Board/CBSE/ICSE से उत्तीर्ण की है (अर्हता परीक्षा अतिरिक्त विषय के रूप में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी सहित अन्य अभ्यर्थियों को छोड़कर) काउंसिलिंग के इस चरण में सम्मिलित होने के लिये पात्र हैं। पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी, पाठ्यक्रम के लिये सभी उम्मीदवार, काउंसिलिंग के इस चरण में **प्रथम दिवस** को सम्मिलित होने के लिये पात्र हैं।
- काउंसिलिंग तिथि के दिन समस्त अभ्यर्थी अनिवार्य मूल दस्तावेजों को अपने फाईल फोल्डर में निम्नलिखित क्रमानुसार ही प्रस्तुत करें।

**<u>आवश्यक मूल दस्तावेजों/मूल अभिलेखों की क्रमानुसार सूचीः–</u>**

1. एम0पी0 ऑनलाईन से किये गये आवेदन की छायाप्रति।
2. आई0डी0 प्रूफ (आधार कार्ड/ पासपोर्ट/वोटर कार्ड /ड्राइविंग लाईसेंस)।
3. 10 वीं परीक्षा की अंक सूची/सर्टिफिकेट (जन्मतिथि एवं नाम के लिये)
4. 12 वीं (10+2 हायर सेकेण्डरी) परीक्षा की जीव विज्ञान समूह की अंक सूची।
5. बी0एस0सी0 (Biology with अनिवार्य Zoology)- केवल पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी के उम्मीदवारों के लिये।
6. उत्तीर्ण हुये अंतिम पाठ्यक्रम की अंक सूची (यदि लागू हो तो)।
7. परिवार समग्र ID (जिसमें अभ्यर्थी का नाम भी सम्मिलित हो)
8. वैध डिजिटल मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
9. वैध डिजिटल जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए)(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
10. वैध नवीनतम आय प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए–यदि लागू हो तो)
11. वैध EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो–सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
12. स्थानातंरण प्रमाण पत्र (T.C.) / माइग्रेशन प्रमाण पत्र ।
13. अनापत्ति प्रमाण–पत्र( N.O.C. ) केवल विभागीय कोटे (In Service candidate) के उम्मीदवारों के लिये अनिवार्य है।(काउंसिलिंग के समय अभ्यर्थी द्वारा N.O.C. प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश स्वतं निरस्त हो जायेगा) ।
14. 10(दस) रंगीन पासपोर्ट साइज के फोटो (जिस पर नाम एवं दिनांक अंकित हो तथा दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई दें & 03 माह से अधिक पुराना ना हो)
15. शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र (Unique disability ID) (यदि लागू हो तो)।

RKVanz
27/05/2026

निरंतर ... (3)

Scanned with OKEN Scanner

16. आवेदक के अभिभावक यदि शासकीय सेवक हो, तो विभाग से जारी किया गया नवीनतम फार्म 16/सैलरी स्लिप संलग्न करना अनिवार्य होगा (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए–यदि लागू हो तो)।
17. प्रारूप–1 वचन/शपथ पत्र ( संलग्न प्रारूप को भरकर सभी उम्मीदवार काउंसलिंग के दिन लाये) (प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थी को रू. 200/– के नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर निष्पादित कराकर जमा करना अनिवार्य हैं)
18. गैप सर्टिफिकेट के लिए (यदि लागू हो तो) (प्रारूप संलग्न))रू. 200/– के नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर निष्पादित)

RKVarsh 27/05/2026
कोआर्डिनेटर
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल

Kaushal
अधिष्ठाता
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल

पृ0 क्रमांक 19790-97/एम.सी./पैरा0/2026 भोपाल, दिनांक: 27/05/2026

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अध्यक्ष, स्वशासी समिति, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल।
3. रजिस्ट्रार, म0प्र0 सह–चिकित्सीय परिषद्, भोपाल।
4. रजिस्ट्रार, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।
5. रजिस्ट्रार, म0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म0प्र0)
6. नोटिस बोर्ड– पैरामेडिकल शाखा, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल।
7. प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय वेवसाईट/आई0टी0 शाखा, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञापन को महाविद्यालय की वेवसाईट पर आज ही अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

RKVarsh 27/05/2026
कोआर्डिनेटर
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल

Kaushal
अधिष्ठाता
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल

Scanned with OKEN Scanner

## सह–चिकित्सीय स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम (Paramedical Courses- Self Finance)
## शैक्षणिक सत्र 2025–26
# Check List

स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियों को निम्नांकित क्रमानुसार ही संलग्न करें।

| क्र0 | दस्तावेज | संलग्न हॉ/नहीं (अभ्यर्थी द्वारा भरा जावे) | रिमार्क(स्क्रुटनी कमेटी द्वारा भरा जावे) |
|---|---|---|---|
| 01 | एम0पी0 ऑनलाईन से किये गये आवेदन की छायाप्रति। | | |
| 02 | आई0डी0 प्रूफ (आधार कार्ड/ पासपोर्ट/वोटर कार्ड /ड्राइविंग लाईसेंस)। | | |
| 03 | 10 वीं परीक्षा की अंक सूची/सर्टिफिकेट (जन्मतिथि एवं नाम के लिये) | | |
| 04 | 12 वीं (10+2 हायर सेकेण्डरी) परीक्षा की जीव विज्ञान समूह की अंक सूची। | | |
| 05 | बी0एस0सी0 (Biology with अनिवार्य Zoology)- केवल पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी के उम्मीदवारों के लिये। | | |
| 06 | उत्तीर्ण हुये अंतिम पाठ्यक्रम की अंक सूची (यदि लागू हो तो)। | | |
| 07 | परिवार समग्र ID (जिसमें अभ्यर्थी का नाम भी सम्मिलित हो) | | |
| 08 | वैध डिजिटल मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) | | |
| 09 | वैध डिजिटल जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए)(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) | | |
| 10 | वैध नवीनतम आय प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए–यदि लागू हो तो) | | |
| 11 | वैध EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो–सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) | | |
| 12 | स्थानातंरण प्रमाण पत्र (T.C.) / माइग्रेशन प्रमाण पत्र । | | |
| 13 | अनापत्ति प्रमाण–पत्र( N.O.C. ) केवल विभागीय कोटे (In Service candidate) के उम्मीदवारों के लिये अनिवार्य है।(काउंसिलिंग के समय अभ्यर्थी द्वारा N.O.C. प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश स्वतं निरस्त हो जायेगा) । | | |
| 14 | 10(दस) रंगीन पासपोर्ट साइज के फोटो (जिस पर नाम एवं दिनांक अंकित हो तथा दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई दें & 03 माह से अधिक पुराना ना हो) | | |
| 15 | शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र (Unique disability ID) (यदि लागू हो तो)। | | |
| 16 | आवेदक के अभिभावक यदि शासकीय सेवक हो, तो विभाग से जारी किया गया नवीनतम फार्म 16/सैलरी स्लिप संलग्न करना अनिवार्य होगा (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए–यदि लागू हो तो)। | | |
| 17 | प्रारूप–1 वचन/शपथ पत्र (संलग्न प्रारूप को भरकर सभी उम्मीदवार काउंसलिंग के दिन लाये) (प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थी को रू. 200/– के नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर निष्पादित कराकर जमा करना अनिवार्य है) | | |
| 18 | गैप सर्टिफिकेट के लिए 200 रूपए स्टांप पेपर पर नोटराईज्ड शपथ पत्र (यदि लागू हो तो) (प्रारूप संलग्न) | | |

Scanned with OKEN Scanner

## प्रारूप–1

## //वचन पत्र/शपथ पत्र//

**(पैरामेडिकल पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश के समय रू. 200/– के नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर निष्पादित)**

मैं (अभ्यर्थी का नाम) .................................................................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री...............................................

...............................निवासी.................................................................................................................हूँ।

1. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ कि गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के पैरामेडिकल डिग्री/सर्टिफिकेट/डिप्लोमा पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 में प्रवेश लेने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।
2. यह कि मैं वर्तमान में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/प्राइवेट संस्था में अध्ययनरत नहीं हूँ या जिस किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति/शासकीय सहायता मिल रही है तो पूर्व संस्था से छात्रवृत्ति/शासकीय सहायता को मैं स्वयं बंद कराकर ही इस महाविद्यालय भोपाल में छात्रवृत्ति/शासकीय सहायता के लिये आवेदन करूंगा/करूंगी। इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की ही होगी।
3. शासकीय छात्रवृत्ति पोर्टल या म0प्र0 शासन द्वारा अधिसूचित सभी योजना के लाभ से संबंधित पात्रता की जांच मैंने अपने स्तर पर कर लिया है। उक्त लाभ नहीं मिलने पर समस्त फीस निर्धारित समय पर मैं अपने व्यक्तिगत वहन कर जमा करूंगा/करूंगी। छात्रवृत्ति या किसी योजना का लाभ नहीं मिलने पर मैं स्वंय जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी एवं इस संबंध में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. यह कि प्रथम बार किसी भी पाठ्यक्रम में सीट आवंटित होने के बाद मैं किसी भी अन्य पाठ्यक्रम में सीट परिवर्तन के लिये कभी भी कोई आवेदन/दावेदारी प्रस्तुत नहीं करूंगा/करूंगी तथा इस सत्र के काउंसिलिग के किसी भी चरण में सम्मिलित होने हेतु दावेदारी प्रस्तुत नहीं करूंगा/करूंगी।
5. यह कि मुझे प्रथम बार जिस भी पाठ्यक्रम में सीट आवंटन होती है तो उस पाठयक्रम की फीस की निर्धारित प्रथम किस्त एवं समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज सीट आवंटन के दिन ही जमा करूंगा/करूंगी (पाठ्यक्रम शुल्क की प्रथम किस्त राशि डिग्री–रूपये 54,150/–, डिप्लोमा/पी0जी0 डिप्लोमा–रूपये 37,680/–, सर्टीफिकेट–रूपये 29,430/– है।) पाठ्यक्रम शुल्क की प्रथम किस्त को वापस करने के लिये आवेदन/दावेदारी प्रस्तुत नहीं करूंगा/करूंगी तथा पाठ्यक्रम की शेष समस्त शुल्क जमा करने के उपरांत ही मूल दस्तावेज वापस मागूंगा/मागूंगी।
6. यह कि मैं पाठ्यक्रम के अंतिम परीक्षाफल में उत्तीर्ण होने से पहले कभी भी मूल दस्तावेज वापिस नहीं मागूंगा/मागूंगी। अंतिम परीक्षाफल में उत्तीर्ण होने से पहले कभी भी यदि मुझे मूल दस्तावेज की आवश्यकता होगी तो पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण फीस मैं स्वंय जमा करने के पश्चात एवं लेखा शाखा से नो ड्यूज लेने के उपरान्त ही मूल दस्तावेज वापस करने के लिए आवेदन पत्र जमा करूंगा/करूंगी।
7. मेरे द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु जारी विज्ञप्ति क्र0 17262–69/एम.सी./पैरा0/2026 भोपाल, दिनांक 08.05.2026 में उल्लेखित समस्त नियम एवं शर्तों को भलीभांति पढ़कर समझ लिया है।
8. मैं पाठ्यक्रम की अवधि में किसी भी परिस्थिती में अनुशासनहीनता, रैगिंग एवं अन्य अनुशासनहीनता से संबंधित गतिविधियों में संलिप्तता नहीं होगी। मैं किसी भी स्थिति में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित नहीं रहूंगा/रहूंगी एवं किसी भी हड़ताल(Strike) में शामिल नहीं होऊंगा/होऊंगी। संलिप्तता पाये जाने पर संस्था को नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

**शपथग्रहिता**

मैं शपथ कर सत्यापित करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र में बिन्दु क्र. 01 से 08 में उल्लेखित समस्त जानकारी पूर्णतः सही एवं सत्य है। कोई भी बात मेरे द्वारा छिपाई नहीं गयी है। भविष्य में मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर संस्था को मेरे प्रवेश निरस्त करने एवं कोई भी विधिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**शपथग्रहिता**

1 **गवाह हस्ताक्षरः–**

नाम–

पता–

मो0–

2 **गवाह हस्ताक्षरः–**

नाम–

पता–

मो0–

3 **पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर–**.................................................

नाम–.................................................................

पता–.................................................................

मो0–.................................................................

Scanned with OKEN Scanner

# प्रारूप—2

## शैक्षणिक अंतराल/गैप सर्टिफिकेट

## (शपथ पत्र – रू. 200/– के नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर निष्पादित)

अभ्यर्थी का नामः- ........................................................................ आयु................................................

पिता/पति का नामः- ........................................................................................................

निवासीः- . ........................................................................................................................

आधार क्रमांकः- .................................................... मोबाईल नम्बरः- ..............................................

मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि–

1. यह कि मेरे द्वारा आवश्यक अहर्ता परीक्षा (12th Biology (P.C.B.) / B.Sc. (Biology with अनिवार्य Zoology)) वर्ष. ..................................में उत्तीर्ण की गयी थी।
2. यह कि उक्त अहर्ता परीक्षा उपरांत मेरा गैप वर्ष.......................... से वर्ष .......................... तक रहा है।
3. यह कि गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2025–26 प्रवेश हेतु यह गैप शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा/ रही हूँ।
4. मेरे द्वारा वर्णित अंतराल/गैप के समय मेरे नाम से कोई भी आपराधिक अथवा न्यायालयीन प्रकरण दर्ज नहीं है, एवं उक्त अवधि में किसी भी अन्य महाविद्यालय में अध्ययनरत नहीं था/थी एवं गैप अवधि में किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया है।

दिनांकः- ...........................

स्थानः- ............................

शपथकर्ता

मैं शपथ कर सत्यापित करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र में बिन्दु क्र. 01 से 04 में उल्लेखित समस्त जानकारी पूर्णतः सही एवं सत्य है। कोई भी बात मेरे द्वारा छिपाई नहीं गयी है। भविष्य में मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर संस्था को मेरे प्रवेश निरस्त करने एवं कोई भी विधिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांकः- ...........................

स्थानः- ............................

शपथकर्ता

1 गवाह हस्ताक्षरः–

नाम–

पता–

मो0–

2 गवाह हस्ताक्षरः–

नाम–

पता–

मो0–

3 पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर–...............................................

नाम–.........................................................................

पता–.........................................................................

मो0–.........................................................................

Scanned with OKEN Scanner